क्रमांक 5321-3 एस-75/16049

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

सेवा में

(1) हरियाणा के सभी विभागाध्यक्ष तथा
(2) आयुक्त अम्बाला तथा हिसार मण्डल।
दिनांक, चण्डीगढ़, 5 जून, 1975

विषय :—विभागाध्यक्षों (अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों को छोड़कर) तथा लोक निर्माण विभाग में अधीक्षक इन्जीनियरों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों बारे।

महोदय,

मुझे यह निदेश हुआ है कि मैं आपका ध्यान उपरोक्त विषय पर इस विभाग के परिपत्र क्रमांक 3461-3 एस-74/12910, दिनांक 3 जून, 1974 की ओर दिलाऊं और बताऊं कि सरकार के ध्यान में आया है कि कुछ विभागों द्वारा उपरोक्त परिपत्र द्वारा जारी की गई हिदायतों को ठीक प्रकार interpret नहीं किया जा रहा है तथा मुख्य मंत्री को यह गोपनीय रिपोर्टस प्रस्तुत करने से पहले विभागीय मंत्री द्वारा रिमार्कस दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। मुझे यह स्पष्ट करने का निर्देश हुआ है कि अधीक्षक इन्जीनियरों के मामलों में यह रिपोर्टस मुख्य मंत्री को फाईनल accepting authority के रूप में भेजने से पूर्व इन्हें विभागीय मंत्री को भी first accepting authority के रूप में रिमार्कस दर्ज करने के लिए भेजी जाया करे। कृपया इन हिदायतों को अनुपालना के लिए नोट कर लिया जाए तथा इस पत्र की पावती भेजी जाए।

भवदीय,
हस्ताक्षर
उप सचिव राजनैतिक एवं सेवाएं,
कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

एक एक प्रति निम्नलिखित को इस विभाग के अशा0 क्रमांक 3461-3 एस-74/ दिनांक 3-6-1974 के सन्दर्भ में सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाती है:—

1. वित्तायुक्त हरियाणा तथा
2. हरियाणा के सभी प्रशासकीय सचिव

अशा0 क्र0 5321-3 एस-75, दिनांक, चण्डीगढ़, 5 जून, 1975

एक एक प्रति मुख्य मंत्री/मंत्रियों/राज्य मंत्रियों के प्रधान सचिव,/सचिव तथा निजि सचिवों को उपरोक्त पत्र के सन्दर्भ में, मुख्य मंत्री तथा अन्य मंत्रिगण की सूचना के लिए भेजी जाती है।

सेवा में

मुख्य मंत्री/मंत्रियों/राज्य मंत्रियों के
प्रधान सचिव/सचिवों/निजि सचिवों।
अशा: क्रमांक 5321–3–एस–75 दिनांक चण्डीगढ़ 5 जून 1975